SAI
भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

# भारतीय खेल प्राधिकरण
## (राजभाषा प्रभाग)

फा. स. : भाखेप्रा/रा.भा./3001/2025-26/545. दिनांक 29.09.2025

**विषयः भारतीय खेल प्राधिकरण की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 112 वीं तिमाही बैठक (जुलाई से सितंबर, 2025) का आयोजन।**

भारतीय खेल प्राधिकरण की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 112 वीं तिमाही बैठक सचिव/अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अध्यक्षता में दिनांक 08.10.2025 को 11:00 बजे मुख्य कार्यालय के भूतल स्थित सम्मेलन. कक्ष में आयोजित की जाएगी। भाखेप्रा मुख्य कार्यालय के समस्त प्रभाग/स्टेडिया प्रमुखों से अनुरोध है कि वे बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। बैठक की कार्यसूची मदे निम्नानुसार है : -

1. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 111 वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।
2. पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की रिपोर्ट।
3. हिंदी में फाइलों पर टिप्पणियां ई-ऑफिस में लिखना।
4. सितंबर, 2025 माह में हिन्दी पखवाड़े का सफलआयोजन ।
5. तिमाही रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करना।
6. हिंदी कार्यशालाओं में अधिकारियों/कार्मिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना।
7. भाखेप्रा क्षेत्रीय केंद्रों/उसके अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण ।
8. अधिकारियों और कार्मिकों की सेवा पुस्तिकाओं के शीर्षक और प्रविष्टियाँ हिन्दी में करना।
9. 1976 के नियम - 5 के तहत हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में देना।
10. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कोई मद ।

उक्त संबंध में, सहायक निदेशक एवं उनसे ऊपर के स्तर के सभी अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों से अनुरोध है कि वे बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने की कृपा करें।

इसे सचिव/अध्यक्ष, रा.भा.का.स. के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

गीता पाराशर 29/9/25

**(डॉ.गीता पाराशर)**
**निदेशक/प्रभारी (राजभाषा)**

प्रति : -

| | |
|---|---|
| भाखेप्रा मुख्य कार्यालय के समस्त प्रभाग प्रमुख/स्टेडिया - प्रशासक | अनुरोध है कि दिनांक 08.10.2025 को 11:00 बजे तक भाखेप्रा मुख्य कार्यालय के भूतल स्थित सम्मेलन कक्ष में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। |
| उप निदेशक (सामान्य प्रशासन प्रभाग) - | अनुरोध है कि उक्त अवधि के दौरान लगभग 30-35 अधिकारियों के लिए जलपान (पानी+चाय+बिस्कुट) की व्यवस्था सुनिश्चित करें। |

प्रतिलिपि सूचनार्थ : -

1. महानिदेशक, भाखेप्रा के उप निदेशक
2. सचिव, भाखेप्रा के अनुभाग अधिकारी
3. मास्टर फाइल